**Regarding need to start construction of the proposed Greenfield Economic Corridor Expressway from Ghaziabad to Kanpur- laid**

श्री मुकेश राजपूत **(फर्रूखाबाद) :** मैं भारत के यशस्वी सड़क परिवहन मंत्री जी से विनम्र निवेदन करना चाहता हूँ कि प्रस्तावित गाजियाबाद से कानपुर तक वाया फर्रुखाबाद ? फतेहगढ़ होता हुआ एक 380 किमी लम्बा ग्रीनफील्ड इकनॉमिक कोरिडोर एक्सप्रेस-वे को जल्द से जल्द मूर्त रूप देनें की कृपा करें जिससे कि सामरिक दृष्टि के फर्रुखाबाद स्थित राजपूत रेजीमेंट और सिखलाई रेजीमेंट को जोडनें वाला एक एक्सप्रेस-वे मिल जाए साथ ही साथ पर्यटन और तीर्थ की दृष्टि से महत्व पूर्ण बाबा नीमकरोरी धाम, अन्तर्राष्ट्रीय जैन तीर्थ स्थल कम्पिल, अन्तराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा आने-वाले श्रद्धालुओं को देश की राजधानी दिल्ली से एक्सप्रेसवे मार्ग की सीधी कनेक्टिविटी मिल जाएगी जिससे जाम की समस्या से तो निजात मिलेगी ही साथ ही साथ दिल्ली जेवर एयरपोर्ट भी आसानी से पहुंचा जा सकेगा ।